**Regarding need to provide compensation to farmers who lost their crops due to heavy rains in Banaskantha district, Gujarat-Laid**

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(**बनासकांठा**) :** मैं सरकार का ध्यान गुजरात राज्य के बनासकांठा जिले में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण किसानों को हुए भारी नुकसान की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । बनासकांठा जिले के कई गाँवों में अत्यधिक वर्षा के कारण फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं । जिससे कपास, मूंगफली, बाजरा, और अन्य खरीफ फसलें खेतों में ही सड़ गईं । कई किसानों के खेतों में पानी भर गया, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति पर भी असर पड़ा है । नहरों और नालों के टूटने से सिंचाई की व्यवस्था भी चरमरा गई है । कई स्थानों पर पशुधन को भी नुकसान हुआ है और कच्चे घर ढह गए हैं । किसानों के पास पहले से ही कर्ज का बोझ है और इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी स्थिति और भी दयनीय बना दी है । मैं सरकार से निवेदन करती हूँ कि क्षेत्र का शीघ्र सर्वेक्षण कराकर नुकसान का आंकलन किया जाए । प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा प्रदान किया जाए । कृषि ऋण में राहत और पुनर्गठन की व्यवस्था की जाए । ताकि किसानों को मदद मिल सके ।